SWATANTRA BHARAT PAGE 5

एलयू में फ्लैप बैरियर और रेनोवेटेड वाचनालय कक्ष का उद्घाटन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। राजधानी अंतर्गत ल.वि.वि. स्थित टैगोर पुस्तकालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा पुस्तकालय में प्रवेश हेतु मुख्य द्वार पर लगाये गये फ्लैप बैरियर एवं रेनोवेटेड वाचनालय कक्ष का उद्घाटन किया गया। एलयू कुलपति ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्लैप बैरियर लगाने से छात्र स्मार्ट कार्ड के द्वारा ही टैगोर पुस्तकालय में प्रवेश कर पाएंगे। इससे सारा डाटा विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध रहेगा और इससे पुस्तकालय संबंधी नीतियों को बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर एलयू के अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रो. डी. के. सिंह, उप-पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ. ज्योति मिश्रा एवं उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रवीश प्रकाश, कुलसचिव अधिष्ठाता कला संकाय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलानुशासक, तथा विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप संपन्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। राजधानी अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के आरोग्य भवन, हेल्थ सेंटर में गुरूवार को मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन द्वारा किया गया। इस कैंप का उद्घाटन विवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी बूस्टर डोज लगवाया। इस मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप में लगभग 200 लोगों ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड का टीका लगवाया। वैक्सीन लगवाने वालों में अनेक छात्र-छात्राएं, शिक्षक और कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।

6 अक्टूबर तक भर सकते हैं बीएएमएस, बीयूएमएस, एमडी के फार्म

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन एवं सहयुक्त महाविद्यालय की ओर से छात्र-छात्राओं को सूचित किया गया है कि बीएएमएस, बीयूएमएस, एमडी आयुर्वेद-यूनानी की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा एवं अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 6 अक्टूबर निर्धारित की गई है। परीक्षा फॉर्म विवि की बेबसाइट पर उपलब्ध है।

सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विवि द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है। समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य-प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए उक्त आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की अनुमोदित सूची के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क लविवि की बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से नेटबैकिंग, डेबिट व क्रेडिट कार्ड, आरटीजीएस-एनएफटी अथवा एचडीएफसी के किसी भी शाखा में जमा करते हुए समस्त परीक्षाफार्मो की सूची शुल्क रसीद सहित अनिवार्य रूप से दिनांक 7 अक्टूबर तक परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये।

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें नैक से मिले प्रमाण पत्र को भेंट किया।

एलयू वीसी ने सीएम को भेंट किया नैक प्रमाण पत्र

लखनऊ। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें नैक से मिले प्रमाण पत्र को भेंट किया। कुलपति ने बताया कि उनकी टीम ने नैक के लिए कितनी मेहनत की। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि शासन की योजनाओं को विश्वविद्यालय लागू करें। कहा कि एलयू को डॉक्यूमेंटेशन और संग्रहालय का निर्माण करना चाहिए कि वे इतिहास के साथ वर्तमान को जोड़ सकें।

पूरक परीक्षाओं के फार्म छह तक भरे जाएंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएएमएस, बीयूएमएस, एमडी (आयुर्वेद एवं यूनानी) की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की पूरक एवं अंतिम वर्ष 2022 की मुख्य परीक्षाओं के फार्म छह अक्तूबर तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

अब स्मार्ट कार्ड से ही टैगोर पुस्तकालय में प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में अब विद्यार्थी स्मार्ट कार्ड के जरिए ही प्रवेश कर सकेंगे। इसके लिए पुस्तकालय के मुख्य द्वार पर फ्लैप बैरियर लगाया गया है। इस बैरियर और जीर्णोद्धार किए जाने के बाद वाचनालय कक्ष का उद्घाटन गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया।

छात्र-छात्राओं को वैक्सीन और बूस्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में कैम्प लगाकर विद्यार्थियों को कोविड वैक्सीन और बूस्टर डोज लगवाई गई। एलयू में मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन ने किया। कैम्प का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। लगभग 200 लोगों ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड लगवाई। वहीं जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में भी कैम्प लगा। इसमें 111 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

छात्रों को बताएं शासन की योजनाएं : सीएम

सीएम को नैक का प्रमाणपत्र देते लविवि वीसी। -संवाद

लखनऊ। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व सहयोगियों ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने से संबंधित सर्टिफिकेट भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टीम के सदस्यों से नैक भ्रमण के समय उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही सुझाव दिया कि शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं की जानकारी दें और विश्वविद्यालय अपने स्तर से लागू करें, ताबिक छात्र इसका लाभ उठा सकें। मुलाकात में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, डीन फैकेल्टी ऑफ आर्ट्स प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, डायरेक्टर आईक्यूएसी प्रो. राजीव मनोहर, नैक कोऑर्डिनेटर प्रो. गीतांजलि मिश्रा, हेड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. संगीता साहू, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, हेड एंथ्रोपॉलजी प्रो. केया पांडेय, डायरेक्टर आईपीपीआर डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव शामिल थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 3

फर्स्ट सेमेस्टर की क्लासेज आज से

लॉ डिपार्टमेंट डीन ने जारी की समय सारिणी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (29 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में दाखिले के साथ-साथ फर्स्ट सेमेस्टर की पढ़ाई भी शुरू हो गई है. यूनिवर्सिटी में बीकाम फर्स्ट सेमेस्टर के बाद शुक्रवार से एलएलबी आनर्स फर्स्ट सेमेस्टर की क्लासेस भी शुरू हो जाएंगी. लॉ डिपार्टमेंट के डीन ने सभी स्टूडेंट्स के लिए कक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है. एलयू में अभी यूजी व पीजी में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है. यूजी कोर्सों के अंतर्गत बीकाम फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाओं की शुरुआत 26 सितंबर से हो गई थी. अब एलएलबी आनर्स की तैयारी है. लॉ डिपार्टमेंट के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने बताया कि एलएलबी आनर्स फर्स्ट सेमेस्टर की क्लासेस शुक्रवार से शुरू हो जाएंगी. इसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक रहेगा.

लवि कुलपति ने मुख्यमंत्री को सौंपा नैक ए ++ प्रमाणपत्र

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नैक ए प्लस प्लस का प्रमाणपत्र भेंट किया ● सौजन्य लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने गुरुवार को सहयोगियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नैक ए प्लस प्लस ग्रेड का प्रमाणपत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने टीम से नैक भ्रमण के समय उनके कार्यों के बारे में जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि शासन की विभिन्न योजनाओं को विश्वविद्यालय अपने स्तर से लागू करें, जिससे वहां अध्ययन के दौरान और उसके बाद उन का लाभ छात्र उठा सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को समुचित डाक्यूमेंटेशन करना चाहिए। इस प्रकार के संग्रहालय का निर्माण करना चाहिए कि वे प्राचीन इतिहास के साथ वर्तमान को जोड़ सकें। संस्कृति की रक्षा कर सकें। मुख्यमंत्री ने टीम को बधाई दी। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रावक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, डीन फैकेल्टी आफ आर्ट्स प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, डायरेक्टर आइक्यूएसी प्रोफेसर राजीव मनोहर, नैक कोआर्डिनेटर प्रो. गीतांजलि मिश्रा, हेड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. संगीता साहू, हेड एंथ्रोपॉलजी प्रो. केया पांडे और डायरेक्टर आइपीपीआर डा. दुर्गेश श्रीवास्तव थे।

JAGRAN CITY PAGE I & III

लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आटोमेटिक डोर सिस्टम का उद्घाटन किया ● सौजन्य लवि

लखनऊ विश्वविद्यालय में आटोमेटिक डोर सिस्टम की शुरुआत

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में गुरुवार से आटोमेटिक डोर सिस्टम की शुरुआत हो गई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पुस्तकालय में प्रवेश के लिए मुख्य द्वार पर लगाए गए इस सिस्टम के साथ रेनोवेटेड वाचनालय कक्ष का उद्घाटन किया। पुस्तकालयाध्यक्ष डा. प्रवीश प्रकाश ने बताया कि इस बैरियर के लगाने से छात्र स्मार्ट कार्ड के द्वारा ही टैगोर पुस्तकालय में प्रवेश कर पाएंगे, जिससे सारा डाटा विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध रहेगा। विश्वविद्यालय को पुस्तकालय संबंधी नीतियों को बनाने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. डीके सिंह, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, डा. ज्योति मिश्रा एवं कुलसचिव संजय मेधावी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन अन्य लोग उपस्थित रहे।

छह अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे परीक्षा फार्म

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएएमएस, बीयूएमएस, एमडी (आयुर्वेद, यूनानी) की प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा एवं अंतिम वर्ष 2022 की मुख्य परीक्षाओं के आनलाइन फार्म जारी कर दिए। छात्र-छात्राएं छह अक्टूबर तक फार्म भर सकते हैं। सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों आनलाइन भरे गए परीक्षा फार्मों को महाविद्यालय में ही जमा करना है। प्राचार्यों को यह परीक्षा फार्म सात अक्टूबर तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में शुल्क रसीद जमा करना होगा। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसके विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।

एलएलबी : कक्षाएं आज से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में दाखिले के साथ-साथ प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय में बीकाम प्रथम सेमेस्टर के बाद शुक्रवार से एलएलबी आनर्स प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। विधि संकाय के डीन ने सभी विद्यार्थियों के लिए कक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। (जासं)

केमिस्ट्री में कक्षाएं शुरू

लखनऊ : लवि में गुरुवार से बीएससी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी केमिस्ट्री व फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री की कक्षाएं शुरू हो गईं। केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि पहले दिन कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति अच्छी रही। वहीं, बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) में भी स्नातक की पढ़ाई गुरुवार से शुरू हो गई। (जासं)

NBT PAGE 5

सीएम को भेंट किया नैक सर्टिफिकेट

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी को नैक से मिले ए++ ग्रेड का सर्टिफिकेट लेकर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय विवि के सहयोगियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने गुरुवार को पहुंचे। कुलपति ने मुख्यमंत्री को नैक का सर्टिफिकेट भेंट किया। मुख्यमंत्री ने टीम के सदस्यों से नैक भ्रमण के समय उनके कामों के बारे में पूछा। इस दौरान कुलपति के साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, प्रो. प्रेम सुमन शर्मा मौजूद रहे।

एलयू कुलपति ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने विश्वविद्यालय के सहयोगियों के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। कुलपति एवं उनके सहयोगियों की यह मुलाकात लविवि को विगत दिनों एन.ए.ए.सी ग्रेड मिलने के संदर्भ में थी। मुलाकात में मुख्यमंत्री को कुलपति ने एन.ए.ए.सी में मिले सर्टिफिकेट को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने टीम के सदस्यों से एन.ए.ए.सी भ्रमण के समय उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की, कि किस प्रकार सदस्यों ने कुलपति के नेतृत्व में अपना कार्य किया, किस-किस स्तर पर किया और कौन से दायित्व का निर्वाहन किया? सभी सदस्यों ने भी अपने अपने दायित्वों को साझा किया। तत्पश्चात योगीजी ने सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न योजनाओं को विश्वविद्यालय अपने स्तर से लागू करें जिससे वहां अध्ययन करने के दौरान और उसके बाद उन योजनाओं का लाभ छात्र उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को समुचित रूप से डॉक्यूमेंटेशन का कार्य करना चाहिए और इस प्रकार के संग्रहालय का निर्माण करना चाहिए कि वे अपने प्राचीन इतिहास के साथ अपने वर्तमान को जोड़ सकें और अपनी संस्कृति की रक्षा कर सकें। अंत में उन्होंने कुलपति के नेतृत्व में टीम भावना के साथ कार्य करने के कारण सभी को बधाई दी। इस मुलाकात में कुलपति के साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, डीन एकेडेमिक्स प्रोफेसर राकेश चंद्रा, डीन फैकेल्टी ऑफ आर्ट्स प्रोफेसर प्रेम सुमन शर्मा, डायरेक्टर आइक्यूएसी प्रोफेसर राजीव मनोहर, एन.ए.ए.सी कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा, हेड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन प्रोफेसर संगीता साहू, हेड एंथ्रोपॉलजी प्रोफेसर केया पांडे और डायरेक्टर आईपीपीआर डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

कुलपति ने मुख्यमंत्री को सौंपा नैक सर्टिफिकेट

लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में मिली ए डबल प्लस की ग्रेड

अमृत विचार संवाददाता

उपलब्धि

- बोले मुख्यमंत्री, प्रदेश सरकार की योजनाओं को विश्वविद्यालय अपने स्तर से लागू करें

लखनऊ। नैक मूल्यांकन में लखनऊ विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस की ग्रेड मिलने के बाद पहली बार कुलपति आलोक राय व विश्वविद्यालय की टीम ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान कुलपति ने नैक मूल्यांकन के बाद मिले सर्टिफिकेट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की टीम के सदस्यों से नैक भ्रमण के समय उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की कि सदस्यों ने कुलपति के नेतृत्व में किस प्रकार अपना कार्य किया, किस-किस स्तर पर किया और कौन से दायित्व का निर्वाहन किया था? सभी सदस्यों ने अपने अपने दायित्वों को बताया। वहीं मुख्यमंत्री ने अपना सुझाव देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को विश्वविद्यालय अपने स्तर से लागू करें जिससे वहां अध्ययन करने के दौरान और उसके बाद उन योजनाओं का लाभ छात्र उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को समुचित रूप से डॉक्यूमेंटेशन का कार्य करना चाहिए और इस प्रकार के संग्रहालय का निर्माण करना चाहिए कि वे अपने प्राचीन इतिहास के साथ अपने वर्तमान को जोड़ सकें और अपने संस्कृति की रक्षा कर सकें। अंत में उन्होंने कुलपति जी के नेतृत्व में टीम भावना के साथ कार्य करने के कारण सभी को बधाई दी।

मुख्यमंत्री को नैक सर्टिफिकेट सौंपती लविवि की टीम — अमृत विचार

विश्वविद्यालय में लगा मेगा बूस्टर वैक्सीन कैंप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के आरोग्य भवन (हेल्थ सेंटर) में मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन द्वारा किया गया।

इस कैंप का उद्घाटन कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने किया। उन्होंने स्वयं भी अपना बूस्टर डोज लगवाया। इस मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप में लगभग 200 लोगों ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड का टीका लगवाया ताकि लोग संक्रमण से सुरक्षित रह सकें।

PIONEER PAGE 3

तीन अक्टूबर को एलयू में दशहरे का अवकाश घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में शामिल दशहरे के पर्व को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से छात्रहित में 3 अक्टूबर को अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस बाबत विवि के कुलसचिव संजय मेधावी की तरफ से गुरूवार को आदेश जारी कर दिया गया है।

कुलपति ने लगवाया बूस्टर डोज

विश्वविद्यालय के अवैतनिक अध्यक्ष ने मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन द्वारा किया गया। कैंप का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। उन्होंने स्वयं भी आज बूस्टर डोज लगवाया। इस मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप में लगभग 200 लोगों ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड का टीका लगवाया। वैक्सीन लगवाने वालों में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और कर्मचारी सम्मिलित थे।

टैगोर पुस्तकालय में फ्लैप बैरियर लगा

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित टैगोर लाइब्रेरी में पुस्तकालय में प्रवेश हेतु मुख्य द्वार पर लगाये गये फ्लैप बैरियर का तथा रेनोवेटेड वाचनालय कक्ष का उद्घाटन विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इस बारे में विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार फ्लैप बैरियर लगाने से छात्र स्मार्ट कार्ड के द्वारा ही टैगोर पुस्तकालय में प्रवेश कर पाएंगे। जिससे सारा डाटा विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध रहेगा और विश्वविद्यालय को पुस्तकालय संबंधी नीतियों को बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो डीके सिंह, उप.पुस्तकालयाध्यक्ष डा ज्योति मिश्रा एवं उप पुस्तकालयाध्यक्ष डा प्रवीश प्रकाश, कुलसचिव, अधिष्ठाता कला संकाय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलानुशासक तथा विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एलयू ने सीएम को सौंपा नैक ए डबल प्लस ग्रेड का सर्टिफिकेट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने गुरूवार को अपने विश्वविद्यालय के सहयोगियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विवि के कुलपति प्रो राय ने विगत दिनों विश्वविद्यालय को नैक की तरफ से मिले ए डबल प्लस ग्रेड का सर्टिफिकेट सौंपा।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने टीम के सदस्यों से नैक की टीम के भ्रमण के समय उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की, कि सदस्यों ने कुलपति के नेतृत्व में किस प्रकार अपना कार्य किये। किस-किस स्तर पर किया और कौन से दायित्व का निर्वाहन किया था। सभी सदस्यों ने अपने अपने दायित्वों को बताया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न योजनाओं को विश्वविद्यालय अपने स्तर से लागू करें। जिससे वहां अध्ययन करने के दौरान और उसके बाद उन योजनाओं का लाभ छात्र उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को समुचित रूप से डॉक्यूमेंटेशन का कार्य करना चाहिए और इस प्रकार के संग्रहालय का निर्माण करना चाहिए कि वे अपने प्राचीन इतिहास के साथ अपने वर्तमान को जोड़ सकें, अपने संस्कृति की रक्षा कर सकें। अंत में उन्होंने कुलपति के नेतृत्व में टीम भावना के साथ कार्य करने के कारण सभी को बधाई दी। इस मुलाकात में कुलपति के साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, डीन फैकेल्टी आफ आर्ट्स प्रोफेसर प्रेम सुमन शर्मा, डायरेक्टर आइक्यूएसी प्रोफेसर राजीव मनोहर, नैक कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा, हेड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन प्रोफेसर संगीता साहू, हेड एंथ्रोपोलॉजी प्रोफेसर केया पांडे और डायरेक्टर आईपीपीआर डा दुर्गेश श्रीवास्तव थे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

मुख्यमंत्री से मिले एलयू कुलपति

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने सहयोगियों के साथ बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह मुलाकात लखनऊ विश्वविद्यालय को विगत दिनों नैक ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के संदर्भ में थी। इस दौरान मुख्यमंत्री को कुलपति ने नैक में मिले सर्टिफिकेट को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने टीम के सदस्यों से नैक भ्रमण के समय उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की कि सदस्यों ने कुलपति के नेतृत्व में किस प्रकार अपना कार्य किया। किस-किस स्तर पर किया और कौन से दायित्व का निर्वाहन किया था। सभी सदस्यों ने अपने-अपने दायित्वों को बताया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न योजनाओं को विश्वविद्यालय अपने स्तर से लागू करे, जिससे वहां अध्ययन करने के दौरान और उसके बाद उन योजनाओं का लाभ छात्र उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को समुचित रूप से डॉक्यूमेंटेशन का कार्य करना चाहिए और इस प्रकार के संग्रहालय का निर्माण करना चाहिए कि वे अपने प्राचीन इतिहास के साथ अपने वर्तमान को जोड़ सकें तथा अपनी संस्कृति की रक्षा कर सकें। अंत में उन्होंने कुलपति के नेतृत्व में टीम भावना के साथ कार्य करने के कारण सभी को बधाई दी।

भेंट किया नैक ए प्लस प्लस सर्टिफिकेट

VoL PAGE 3

लविवि में लगे कैंप में 200 लोगों ने लगवायी बूस्टर डोज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के आरोग्य भवन (हेल्थ सेंटर) में गुरुवार को मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने किया। इस कैंप का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। उन्होंने स्वयं भी आज अपना बूस्टर डोज लगवाया। इस मेगा बूस्टर वैक्सीनेशन कैंप में लगभग दो सौ लोगों ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड का टीका लगवाया। वैक्सीन लगवाने वालों में छात्र-छात्रायें, शिक्षक और कर्मचारी शामिल थे।

अब टैगोर लाइब्रेरी में स्मार्ट कार्ड से प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की टैगोर लाइब्रेरी में गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पुस्तकालय में प्रवेश के लिए मुख्य द्वार पर लगाये गये फ्लैप बैरियर का तथा रेनोवेटेड वाचनालय कक्ष का उद्घाटन किया। फ्लैप बैरियर लगाने से अब छात्र स्मार्ट कार्ड से ही टैगोर लाइब्रेरी में जा सकेंगे। इससे सारा डाटा विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध रहेगा और विश्वविद्यालय को पुस्तकालय संबंधी नीतियों को बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. डीके सिंह, उप पुस्तकालयाध्यक्ष डा. ज्योति मिश्रा एवं उप पुस्तकालयाध्यक्ष डा. प्रवीश प्रकाश, कुलसचिव अधिष्ठाता कला संकाय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलानुशासक और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

लविवि में तीन को रहेगी छुट्टी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दशहरा के अवसर पर 3 अक्टूबर को छुट्टी रहेगी। इस संबंध में कुलसचिव ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के अनुसार छात्रहित को ध्यान में रखने हुए 3 अक्टूबर के विश्वविद्यालय में छुट्टी करने का आदेश दिया गया है।

TOI PAGE 3

LU Prof AK Rai presented NAAC certificate to CM Yogi Adityanath